तापमान

अधिकतम 35 डिग्री

न्यूनतम 23 डिग्री

हरिभूमि

# धमतरी भूमि

रायपुर, मंगलवार 24 मार्च 2026

कुरुद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड



11 जब समाज शिक्षित होगा, तभी वह प्रगति के मार्ग पर तेजी से आगे ...



12 ओलावृष्टि से एक हजार हेक्टेयर रबी फसल के नुकसान का अनुमान




## नवरात्रि विशेष



### षष्ठम : कात्यायनी

मां भगवती का छठा रूप कात्यायनी का है। छठे नवरात्रि को मां की इसी स्वरूप की पूजा होती है। ऐसा विश्वास है कि कात्यायनी के गोत्र में मर्हिष कात्यायन हुए थे। उनकी इच्छा थी कि मां भगवती उनके घर पुत्री रूप में जन्म लें। उन्हेंने कठोर तप किया। भगवती ने उनकी प्रार्थना स्वीकार कर उनके घर पुत्री रूप में जन्म लिया। इसलिए उनका नाम कात्यायनी पड़ा। यह भी माना जाता है। कि जब पृथ्वी पर महिषासुर के अत्याचार बहुत बढ़ गए, तब भगवान ब्रह्मा, विष्णु और महेश तीनों ने अपने -अपने तेज का अंश देकर महिषासुर के विनाश के लिए एक देवी को उत्पन्न किया। महर्षि कात्यायन ने सबसे पहले इनकी पूजा की। इस कारण से भी यह कात्यायनी कहलाई। ऐसी भी कथा है कि भगवती महर्षि कात्यायन के घर पुत्री रूप में जन्मी थी। आश्विन कृष्ण चतुर्दशी को जन्म लेकर शुक्ल सप्तमी, अष्टमी और नवमी तक तीन दिन इन्होंने कात्यायन की पूजा ग्रहण कर दशमी को महिषसुर का वध किया था। ऐसी भी कथा है कि कृष्ण को पति रूप में पाने के लिए गोपियों ने कालिंदी-यमुना के तट पर कात्यायनी मां पूजा की थी। यह ब्रजमंडल की अधिष्ठात्री देवी के रूप में प्रतिष्ठित है। कात्यायनी प्रकृति की क्रियात्मक शक्ति है जो मन का तत्वात्मक रूप से संचालन करती है। इनकी आठ भुजाएं हैं। इनका वर्ण स्वर्ण समान है। इनकी पूजा से भक्त इनके पास रहकर परमपद प्राप्त करता है। भगवती कात्यायनी की आराधना का श्लोक है- चंद्रहासोज्ज्वलकरा शार्दूलवरवाहना।

### चुनरी यात्रा में माता के नौ स्वरूपों के हुए दर्शन

# पंचमी पर उमड़ा श्रद्धा, भक्ति का सैलाब







हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

चैत्र नवरात्रि की पंचमी पर देवी मंदिरों में सुबह से पूजा- अर्चना का दौर शुरू हो गया था। मंदिरों में माता का विशेष श्रृंगार किया गया। शहर में दो स्थानों पर चुनरी यात्रा निकाली गई। श्रद्धालुओं ने उमंग उत्साह के साथ माता को श्रृंगार सामग्री भेंट की।

सोमवार को आस्था और श्रद्धा के साथ चैत्र नवरात्रि की पंचमी मनाई गई। मां विंध्यवासिनी मंदिर में सुबह से ही श्रद्धालुओं का तांता लग गया था। माता का विशेष श्रृंगार कर भोग लगाया गया। दंतेश्वरी मंदिर, रिसाईमाता मंदिर, शीतला माता मंदिर, बम्लेश्वरी मंदिर सहित अन्य देवी मंदिरों में विशेष पूजा अर्चना की गई। बनियापारा मित्र मंडल द्वारा चैत्र नवरात्रि की पंचमी पर चुनरी यात्रा निकाली गई। इस यात्रा में नव दुर्गा के नौ स्वरूपों की जीवंत झांकी निकाली गई। माता के नौ स्वरूपों के रूप में श्रृंगार कर युवतियों ने आकर्षक नृत्य प्रस्तुत किया। चुनरी यात्रा शाम 6 बजे बनियापारा दुर्गा चौक से निकाली गई। रास्तेभर प्रसादी का वितरण किया गया। इस दौरान रंगोली आर्ट, स्पेशल लाइट शो विशेष आकर्षण रहा। बनियापारा मित्र मंडल के प्रतीक सोनी, श्रीकांत पटेल ने बताया कि पंचमी पर आयोजित इस चुनरी यात्रा में पूरे शहर का सहयोग मिला। चुनरी यात्रा माता विंध्यवासिनी के दरबार में जाकर समाप्त हुई, जहां माता को भोग, श्रृंगार भेंटकर आशीर्वाद लिया गया। यह आयोजन हर साल शहर, प्रदेश और देश की खुशहाली के लिए की जाती है। इस साल मित्र मंडल ने चुनरी भेंटकर माता से सभी लोगों की खुशहाली और समृद्धि की कामना की।

## धीवर समाज ने निकाली चुनरी यात्रा





पंचमी पर घड़ी चौक से धीवर समाज ने शाम 5 बजे चुनरी यात्रा निकाली। समाजजन झूमते नाचते हुए चुनरी यात्रा में शामिल हुए। सदरबाजार होते हुए चुनरी यात्रा माता विंध्यवासिनी मंदिर पहुंची, यहां पर पूजा-अर्चना के बाद समाजजन दानीटोला स्थित शीतला माता मंदिर पहुंचे। माता को श्रृंगार भेंट करने के बाद यात्रा का समापन हुआ। शीतला मंदिर में नवरात्रि उत्सव की धूम मची हुई है। धीवर समाज द्वारा शीतला माता मंदिर में नवरात्रि उत्सव का आयोजन किया गया है। प्रतिदिन यहां विविध आयोजन किए जा रहे हैं। 20 मार्च को ड्राइंग क्राफ्ट प्रतियोगिता हुई। 21 मार्च को समाजजन धार्मिक यात्रा पर रवाना हुए। 22 को रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। 23 को पंचमी पर चुनरी यात्रा निकाली गई। 24 मार्च को सामान्य ज्ञान प्रतिभा खोज प्रतियोगिता होगी। 25 मार्च को बच्चों के लिए फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता, धार्मिक और देशभक्ति गीतों पर नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है।

# हंगामा कर रहे युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल

■ ग्राम भोथापारा की घटना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

घर के सामने हंगामा कर रहे युवक पर पुलिस की लगातार समझाइश का कोई असर नहीं हुआ। उग्र हो रहे युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।



केरेगांव थाना क्षेत्र के ग्राम भोथापारा निवासी धनेश नागवानी ने पुलिस को सूचना दी कि शेख जिलानी का पुत्र हसनैन रजा उर्फ बिट्टू उसके घर के सामने हंगामा कर रहा है। उसके खिलाफ थाना में आवेदन देने की बात कहकर लगातार विवाद कर रहा है। सूचना पर केरेगांव पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंची और हंगामा कर रहे युवक को समझाइश दी लेकिन पुलिस की समझाइश व प्रतिबंधात्मक कार्रवाई का उक्त युवक पर कोई प्रभाव नहीं पड़ा। युवक शांत होने के बजाय लगातार उग्र होता चला गया। पुलिस की मौजूदगी में युवक और अधिक उत्तेजित होकर पीड़ित धनेश के साथ मारपीट करने पर उतारु हो गया। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से पुलिस ने आरोपी शेख हसनैन पिता शेख जिलानी उम्र 23 वर्ष रायघर जिला नवरंगपुर उड़ीसा निवासी के खिलाफ प्रतिबंधात्मक धारा 170 बीएनएस एवं 126/1, 135/3 बीएनएस के तहत गिरफ्तार कर प्रकरण तैयार करके तहसील कार्यालय कुकरेल में प्रस्तुत किया। कार्यपालिक मजिस्ट्रेट द्वारा आरोपी शेख हसनैन के विरूद्ध जेल वारंट जारी किए बिना उसे जेल दाखिल किया गया।

# नवागांव कचना में नदी किनारे मिली युवक की लाश

■ घटनास्थल के पास सल्फास की गोली, बीड़ी, शराब की खाली बोतल मिली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जीजामगांव



अज्ञात कारणों से एक युवक ने आत्महत्या की। पुलिस चौकी बिरेझर के अंतर्गत ग्राम नवागांव कचना में 23 मार्च को ग्रामीणों ने सुबह नदी किनारे एक व्यक्ति की लाश देखी। ग्रामीणों ने घटना की सूचना सरपंच और कोटवार को दी।

घटना की सूचना मिलने पर पुलिस चौकी बिरेझर से चौकी प्रभारी अजय सिंह सहित पुलिस बल मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों ने लाश की शिनाख्ति ग्राम नवागांव निवासी करण पिता प्रेम कुर्रे उम्र 27 वर्ष के रूप में की। पुलिस ने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया। शव से कुछ दूरी पर सल्फास की गोली, बीड़ी, शराब की खाली बोतल मिली। इससे प्रतीत होता है उक्त व्यक्ति ने शराब के नशे में सल्फास की गोली खाकर आत्महत्या की है। प्रथम दृष्टया लगता है कि व्यक्ति ने आत्महत्या की है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मामले का खुलासा होगा। पंचनामा के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए कुरूद भेजा गया। आगे की कार्रवाई जारी है। ग्रामीण आपस में चर्चा कर रहे हैं कि यह हत्या है कि आत्महत्या।




## खबर संक्षेप



### तेज रफ्तार ट्रक की टक्कर से पिता-पुत्री की हालत गंभीर

**कांकेर।** राष्ट्रीय राजमार्ग 30 पर एक बार फिर तेज रफ्तार ने कहर बरपाया, जिसमें झिपाटोला डिवाइडर के पास हुए भीषण सड़क हादसे में पिता और मासूम बेटी गंभीर रूप से घायल हो गए। अज्ञात ट्रक की लापरवाही ने एक खुशहाल सफर को दर्दनाक हादसे में बदल दिया। जानकारी के अनुसार हल्बा चौकी क्षेत्र के ग्राम कुरूभाट निवासी दीनबंधु साहू अपनी पुत्री दीपिका साहू के साथ मोटरसाइकिल सीजी 19 बीई 9774 पर सवार होकर ग्राम भोथा पारिवारिक कार्यक्रम में शामिल होने जा रहे थे। दोपहर करीब 3 बजकर 50 मिनट पर बजे जैसे ही वे झिपाटोला डिवाइडर के पास पहुंचे, तभी चारामा से कांकेर की ओर जा रहे एक तेज रफ्तार अज्ञात ट्रक ने पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भयावह थी कि दोनों बाइक से उछलकर दूर जा गिरे। हादसे में दीनबंधु साहू को सिर, दाहिनी जांघ और दोनों हाथों में गंभीर चोटें आई हैं, वहीं मासूम दीपिका के सिर, एड़ी, कोहनी और पीठ में गंभीर चोटें आई हैं। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। परिजनों और स्थानीय लोगों की मदद से दोनों घायलों को तत्काल निजी वाहन से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चारामा पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत नाजुक होने पर डॉक्टरों ने उन्हें धमतरी रेफर कर दिया।

### नाबालिग से दुष्कर्म का आरोपी कर्नाटक से गिरफ्तार, भेजा जेल



**कांकेर।** कांकेर पुलिस ने महिला एवं बाल सुरक्षा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हुए नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में फरार आरोपी को दूसरे राज्य से गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। आरोपी को कर्नाटक से पकड़कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। बीती 22 जनवरी को थाना अंतागढ़ में पिता ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि आरोपी ने उसकी नाबालिग बेटी को बहला-फुसलाकर उसके साथ जबरदस्ती शारीरिक संबंध बनाए हैं। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता की धारा 64(1), 64 (2)(एम) और पॉक्सो एक्ट की धारा 4 व 6 के तहत मामला दर्ज किया था। उच्च अधिकारियों के मार्गदर्शन में एक विशेष टीम गठित की गई। साइबर सेल की मदद और तकनीकी साक्ष्यों के विश्लेषण से पता चला कि आरोपी गिरफ्तारी से बचने के लिए कर्नाटक में छिपा हुआ है। आरोपी बड़गांव थानांतर्गत ग्राम मंगहुर निवासी 23 वर्षीय मनसाय पुड़ो उर्फ समीर पिता रायदेर पुड़ो को पकड़ा गया। पूछताछ के दौरान यह खुलासा हुआ कि आरोपी ने नाबालिग पीड़िता को डरा-धमका कर खुद को बचाने के लिए किसी अन्य निर्दोष व्यक्ति का नाम पुलिस के सामने लेने का दबाव भी बनाया था।

### सिहावा शीतला शक्ति पीठ में पंचमी महोत्सव धूमधाम से मना

# माता शीतला का हुआ सोलह श्रृंगार, छप्पन भोग लगाया





हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी

चैत्र नवरात्रि पर सोमवार को शीतला शक्ति पीठ सिहावा में पंचमी महोत्सव धूम धाम से मनाया गया। दिन भर दर्शनार्थियों का तांता लगा रहा। श्रद्धालुओं ने माता के जयकारे लगाकार वातावरण को भक्तिमय बनाया। पुजारियों न माता शीतला का विशेष सोलह श्रृंगार कर महाआरती की। भक्तों ने शोभायात्रा निकालकर छप्पनभोग अर्पित किया।

सिहावा विधायक अम्बिका मरकाम, बिन्द्रानवागढ़ विधायक जनक ध्रुव सहित दूर- दूर से आये श्रद्धालुओं ने माता शीतला का कतारबद्ध होकर दर्शन लाभ लिया और अपनी मनोकामना लिए श्रीफल, श्रृंगार सामाग्री आदि पूजन सामग्री अर्पित की। नवागांव, छिपली, पुरानी बस्ती नगरी ,शान्ति सरोवर सेवा मण्डली सामतरा सहित विभिन्न माता सेवा मण्डलियों ने पंचमी महोत्सव पर पचरंगा सहित विभिन्न जस गीत गायन कर माता सेवा की।

माता रानी की सेवा में संचालक नरेंद्र नाग उपाध्यक्ष गगन नाहटा, रामलाल नेताम महासचिव नेम सिंह बिशेन, सहसचिव नारद निषाद, बुधेश्वर साहू, कोषाध्यक्ष गेंद लाल यादव, तुकाराम साहू, पुजारी ज्ञानसागर पटेल, गणेश यादव, राजेश यदु, बलदेव निषाद, राजकुमार निषाद,दीपक तंवर, संजय सारथी, प्रवीण गुप्ता, भरत निर्मलकर, महेंद्र कौशल, कुंवर साहू, मंशाराम गौर, जग्गू साहू, नरेश पटेल, खेमिन यादव, गायत्री पटेल, गोमती निषाद, सुरेश विश्वकर्मा, अभिलाषा शांडिल्य, बिन्दा मरकाम, सोनल बाई, तुलसी कुंजाम समेत अन्य जुटे हुए हैं।

#### मां की कृपा से बुद्धि में वृद्धि होती है

आचार्य नारायणप्रसाद पाठक ने बताया कि पंचमी तिथि पर स्कंदमाता माता की पूजा की जाती है। स्कंदमाता भगवान कार्तिकेय की माता है। इस दिन माता का सोलह श्रृंगार कर पूजा-अर्चना करना विशेष फलदायी होता है। मां की कृपा से बुद्धि में वृद्धि होती है और ज्ञान रूपी आशीर्वाद मिलता है।

#### एक हजार चालीस ज्योति प्रज्ज्वलित

शीतला शक्ति पीठ सिहावा के अध्यक्ष कैलाश पवार ने बताया कि चैत्र नवरात्रि में इस बार कुल एक हजार चालीस ज्योति प्रज्ज्वलित हो रही है। नवरात्रि में समिति द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन कर रही है। मंगलवार, बुधवार, गुरुवार, शुक्रवार को मनमोहक भक्ति मय प्रस्तुति होगी।

## पंचमी पर देवी मंदिरों में रही श्रद्धालुओं की भीड़





- शीतला, देवी मंदिरों व घरों में अखंड दीप प्रज्ज्वलित, मातारानी की सेवा में जुटे भक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶कोर्रा(भखारा)

कोर्रा क्षेत्र में चैत्र नवरात्रि का पर्व धूमधाम से मनाया जा रहा है। जोत जंवारा बोया गया है।

पंचमी पर्व पर देवी मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ रही। पंचमी पर्व पर देवी माता का सोलह श्रृंगार किया गया। माता रानी प्रसन्न होकर धन सुख, समृद्धि, शांति के लिए आशीर्वाद देती है। पंचमी पर्व पर माता को प्रसन्न करने के लिए जगह-जगह सेवा गीत भजन का आयोजन किया गया।

भखारा के चंडी मंदिर में 46, शीतला मंदिर में 58, दंतेश्वरी मंदिर में 15, शनि मंदिर में 75 अखंड दीप प्रज्ज्वलित किए गए है। चार जगह भोजली जंवारा बोया गया है। भठेली दंतेश्वरी मंदिर में 42 अखंड ज्योति जलाई गई है। दो जगह जंवारा बोया गया है। ग्राम सिहाद के शीतला माता मंदिर में 81 अखंड ज्योत जल रही है। भेण्डरवाली के शीतला मंदिर में 2 , दुर्गा मंदिर में 7, देवी खल्लारी मंदिर देवरी में 254 अखंड ज्योत प्रज्ज्वलित की गई है। कोसमर्रा के शीतला मंदिर में 46 और चार जगह जंवारा ,ग्राम गुजरा शीतला मंदिर 38, ग्राम डोमा 41, कुरमातराई के दुर्गा मंदिर में, 15 गायत्री मंदिर में 54, ग्राम पीपरछड़ी के शीतला मंदिर में 25, तरसींवा के शीतला मंदिर 46, दो जगह जंवारा, दरगहन सतबहिनी दाई 75 अखंड ज्योत जल रही है।

रींवागहन शीतला मंदिर में 25, दुर्गा मंदिर में 15, दो जगह जंवारा बोया गया है। ग्राम अमलीडीही बम्लेश्वरी मंदिर 46 अखंड दीप व एक घर में जंवारा बोया गया है। इसी प्रकार क्षेत्र के प्रत्येक गांव में मंदिरों में श्रद्धालुओं द्वारा अखंड दीप जलाए गए हैं।

## माता के दरबार में 184 ज्योति प्रज्ज्वलित



हरिभूमि न्यूज ▶▶मगरलोड

करेली छोटी में रामेश्वर भगत के घर में मां दुर्गा, काली का मंदिर है। चैत्र नवरात्रि में 166 तेल व 18 घृत ज्योति प्रज्ज्वलित हो रही है। दर्शन के लिए माता भक्त उमड़ रहे हैं। श्रद्धा, भक्ति और विश्वास के साथ मनोकामना ज्योति जगमगा रही है।

## महादेवपारा में सामुदायिक भवन बनाने की मांग



हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी

- ग्रामीणों ने विधायक को सौंपा आवेदन

ग्राम सांकरा स्थित महादेवपारा के ग्रामीणों ने अपने मोहल्ले में सामुदायिक भवन निर्माण की मांग को लेकर क्षेत्रीय विधायक अंबिका मरकाम को आवेदन सौंपा है। यह आवेदन आदर्श बाल मंडली के तत्वावधान में सामूहिक रूप से प्रस्तुत किया गया।

ग्रामीणों ने बताया कि महादेवपारा में लगभग 150 परिवार निवास करते हैं, जिसकी कुल जनसंख्या करीब 1000 है। इसके बावजूद मोहल्ले में किसी प्रकार का सार्वजनिक या सामुदायिक भवन उपलब्ध नहीं है। इसके कारण बैठक, धार्मिक कार्यक्रम, सांस्कृतिक आयोजन एवं अन्य सामाजिक गतिविधियों के संचालन में लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। ग्रामीणों ने जनहित को ध्यान में रखते हुए जल्द से जल्द सामुदायिक भवन निर्माण की स्वीकृति देने की मांग की है। विधायक अंबिका मरकाम ने ग्रामीणों को आश्वस्त करते हुए कहा कि उनकी मांग जायज है और बजट प्राप्त होते ही प्राथमिकता के आधार पर सामुदायिक भवन निर्माण की स्वीकृति प्रदान की जाएगी

## विस अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह को मरकाम ने पुस्तक की भेंट

हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी



छत्तीसगढ़ के रायपुर के सक्रिय सामाजिक एवं बौद्धिक कार्यकर्ता द्वारा डॉ. रमन सिंह, विधानसभा अध्यक्ष से उनके निवास पर सौजन्य मुलाकात कर उनका कुशलक्षेम जाना गया। इस दौरान भाजपा अजजा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष विकास मरकाम, उपाध्यक्ष एमडी ठाकुर, सीताराम ठाकुर ने आत्मीय भेंट के दौरान सौहार्दपूर्ण वातावरण में विभिन्न समसामयिक विषयों पर चर्चा भी की। वहीं मुलाकात के दौरान लेखक विकास मरकाम ने अपनी लिखित दो महत्वपूर्ण पुस्तकों—द तृतीय बहिन 9 अगस्त" तथा "आदिवासी सभ्यता; ऐतिहासिक निरंतरता से वर्तमान चुनौतियों तक" को डॉ. सिंह को भेंट किया। पुस्तकों के माध्यम से ऐतिहासिक तथ्यों, आदिवासी समाज की समृद्ध परंपराओं और वर्तमान चुनौतियों को रेखांकित करने का प्रयास किया गया है, जिसकी सराहना भी की गई।

इस अवसर पर डॉ. रमन सिंह ने लेखक श्री मरकाम के प्रयासों की प्रशंसा करते हुए उन्हें निरंतर लेखन एवं सामाजिक विषयों पर जागरूकता फैलाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि साहित्य समाज को दिशा देने का सशक्त माध्यम है और इस प्रकार के गंभीर एवं शोधपरक लेखन से नई पीढ़ी को सही मार्गदर्शन मिलता है।

भेंट के दौरान श्री सिंह से प्राप्त प्रेरणादायी मार्गदर्शन, स्नेहिल व्यवहार एवं व्यापक अनुभव निश्चित रूप से आगे के कार्यों के लिए ऊर्जा प्रदान करने वाला है। डॉ. सिंह की कुशल कार्यक्षमता, प्रशासनिक अनुभव और संगठनात्मक दृष्टिकोण सदैव समाज के लिए प्रेरणास्त्रोत रहे हैं।

## प्रदेश कांग्रेस संयुक्त महामंत्री पंकज महावर का निधन

- अंतिम यात्रा के दौरान कांग्रेसजनों ने दी श्रद्धांजलि, उनके योगदान को किया याद

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

वरिष्ठ कांग्रेस नेता, प्रदेश संयुक्त महामंत्री एवं पूर्व प्रदेश अध्यक्ष प्रोफेशनल कांग्रेस पंकज महावर के आकस्मिक निधन से कांग्रेस में शोक की लहर है। कांग्रेसजनों ने उनकी अंतिम यात्रा में शांतिघाट पहुंचकर श्रद्धांजलि अर्पित की और शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की।

जिला अध्यक्ष तारिणी चंद्राकर ने कहा कि स्व पंकज महावर ने संगठन के विभिन्न पदों पर रहते हुए पार्टी को मजबूत करने के लिए लगातार कार्य किया। संगठनात्मक गतिविधियों में उनकी सक्रिय भूमिका रही और वे हमेशा कार्यकर्ताओं के साथ खड़े रहे। उनके अनुभव और मार्गदर्शन की कमी संगठन को लंबे समय तक खलेगी।



श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में विधायक ओंकार साहू, विधायक अंबिका मरकाम, गुरूमुख सिंह होरा, लक्ष्मी ध्रुव, लेखराम साहू, हर्षद मेहता, मोहन लालवानी, शरद लोहाना, विजय देवांगन, विपिन साहू, नीशु चंद्राकर, कविता बाबर, तपन चंद्राकर, भरत नाहर, मनोज साहू, हेमन्त साहू, आलोक जाधव, नीलम चंद्राकर, आनंद पवार, प्रभातराव मेघावाले, विजय गोलछा, अनुराग मसीह, योगेश शर्मा, गौतम वाधवानी, आकाश गोलछा, लीलेश साहू, दीपक सोनकर, नरेन्द्र सोनवानी, राजा देवांगन, नरेश जसूजा, गोविंद साहू, अमरदीप साहू, सूर्यप्रभा चेटियार, विक्रांत शर्मा, विशाल शर्मा, कामिनी कौशिक, राहुल बख्तानी, सुमन मेश्राम सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता शामिल हैं।

### साहू समाज ने मनाया होली मिलन एवं वार्षिक सम्मलेन

## समाज की एकता एवं अखंडता पर जोर





हरिभूमि न्यूज ▶▶कोर्रा(भखारा)



परिक्षेत्र साहू समाज कोर्रा के तत्वावधान में होली मिलन वार्षिक उत्सव मां कर्मा जयंती का आयोजन किया गया। माताओं द्वारा भव्य कलश यात्रा के साथ पूरे ग्राम में भ्रमण किया गया। मुख्य अतिथि ओंकार साहू विधायक धमतरी थे। अध्यक्षता रंजना साहू पूर्व विधायक ने की। विशिष्ट अतिथि लेखराम साहू पूर्व विधायक कुरूद, प्रदीप साहू, भीखम देवांगन, चंद्रेश चांद सरपंच मड़ईभाठा थे। अतिथियों ने अपने उद्बोधन में समाज की एकता एवं अखंडता पर बल दिया। मौके पर परिक्षेत्र साहू समाज कोर्रा के अध्यक्ष नरेंद्र साहू, उपाध्यक्ष हेमलाल साहू, सचिव डॉ. गिरवर साहू, महिला आयोग उपाध्यक्ष सरस्वती साहू, सहसचिव मुकेश साहू समेत बड़ी संख्या में समाजजन मौजूद थे।

## किसानों का पंजीयन होगा 31 तक

हरिभूमि न्यूज ▶▶कोर्रा(भखारा)



रबी सीजन में चना , मक्का, गेहूं आदि की खरीदी के लिए किसानों का पंजीयन 31 मार्च तक होगा। शासन द्वारा समर्थन मूल्य पर इन फसलों की खरीदी की जा रहा है जिसका शुभारंभ तरसींवा सोसाइटी में किया गया। मुख्य अतिथि रंजना साहू पूर्व विधायक थीं। अन्य अतिथि केशव राम साहू, केदार साहू, चंद्रकुमार साहू थे। सर्वप्रथम अरुण साहू ईरा निवासी के चने की समर्थन मूल्य पर बिक्री हुई। प्रबंधक केदार साहू ने बताया कि फसल विक्रय करने के लिए 31 मार्च तक पंजीयन किया जायेगा।

### कुरूद में भाजपा प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ

# विधायक ने दिया संगठन सुदृढ़ीकरण का मंत्र



हरिभूमि न्यूज ▶▶कुरूद

राष्ट्र प्रथम, संगठन सर्वोपरि के मूल मंत्र के साथ कुरूद में पं. दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान 2026 कअंतर्गत मंडल स्तरीय प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत भाजपा ध्वज के ध्वजारोहण एवं महापुरुषों तथा भारत माता के छायाचित्र पर दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुई, जिससे पूरे वातावरण में राष्ट्रभक्ति और संगठनात्मक ऊर्जा का संचार हुआ।

इस अवसर पर कुरुद विधायक अजय चंद्राकर ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी केवल एक राजनीतिक दल नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण का सशक्त माध्यम है। उन्होंने पं. दीनदयाल उपाध्याय के अंत्योदय के सिद्धांत को स्मरण कराते हुए कहा कि समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास की किरण पहुंचाना ही संगठन का लक्ष्य है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आग्रह किया कि वे सेवा, समर्पण और अनुशासन को अपने जीवन का आधार बनाएं तथा जनसेवा के माध्यम से संगठन की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाएं। श्री चंद्राकर ने आगे कहा कि ऐसे प्रशिक्षण शिविर कार्यकर्ताओं के व्यक्तित्व विकास के साथ-साथ संगठन की मजबूती के लिए अत्यंत आवश्यक हैं। ये शिविर कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा, सकारात्मक सोच और टीम भावना का संचार करते हैं, जिससे संगठन और अधिक प्रभावी बनता है। कार्यक्रम में भाजपा पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने संगठन के प्रति अपनी निष्ठा दोहराते हुए राष्ट्रहित में निरंतर कार्य करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर गौकरण साहू, गीतेश्वरी साहू, ज्योति चंद्राकर, रविकांत चंद्राकर, कृपाराम यादव, कुलेश्वरी गायकवाड़, कृष्णकान्त साहू, रवि सिन्हा, लोकेश साहू, प्रभात बैस समेत कुरुद विधानसभा के भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।



## करेली बड़ी में आस्था के 54 दीप प्रज्ज्वलित

हरिभूमि न्यूज ▶▶मगरलोड





चैत्र नवरात्र में नगर पंचायत करेली बड़ी के शीतला मंदिर में आस्था के दीप जगमगा रहे हैं। इस बार शीतला मंदिर में 54 श्रद्धालुओं के आस्था के दीप जलाए जा रहे हैं। घरों में भी ज्योत जंवारा बोये हुए हैं। ग्रामीण विकास समिति सचिव यादराम निषाद ने बताया कि 19 मार्च से चैत्र नवरात्र शुरू हो गया है। हर रोज श्रद्धालु शीतला दरबार में आकर मां की पूजा अर्चना कर रहे हैं। 23 मार्च को नवरात्रि पंचमी पर्व में माता का श्रृंगार किया गया। 26 मार्च को महाअष्टमी पर हवन पूजन होगा।

देवी देवताओं की पूजा-अर्चना कर नगर की सुख समृद्धि की कामना की गई। शीतला में 54 श्रद्धालु मनोकामना के दीप जलाए गए हैं। तेल और घी के दीप जल रहे हैं। माता की सेवा में भक्त जुटे हैं। 27 मार्च को चैत्र नवरात्र का समापन और ज्योत विसर्जन होगा।

मौके पर अध्यक्ष शेखू साहू, हिम्मत साहू, नंदकुमार साहू, झालूराम साहू, बैगा ईश्वर ध्रुव, शंकर साहू, डोमेश साहू, लखन साहू, कमलेश साहू मौजूद थे।

**खबर संक्षेप**

### हैप्पीनेस कोर्स में सीखी योग की सुदर्शन क्रिया



**चारामा।** आर्ट ऑफ लिविंग के द्वारा 6 दिवसीय हैप्पीनेश कोर्स का आयोजन हुआ, जिसका समापन 22 मार्च को किया गया। इस आयोजन में प्रतिभागियों को सुदर्शन क्रिया, ध्यान और जीवन जीने के विभिन्न अनुभवो पर चर्चा किया गया। कोर्स में योगाभ्यास, सामूहिक परिचर्चा एवं सामूहिक क्रियाकलाप के द्वारा जीवन के मूलभूत रहस्यों की ओर प्रकाश डाला गया। प्रशिक्षक परशुराम निर्मलकर, डिकेश जैन, मीना निर्मलकर ने जीवन के विभिन्न पहलुओं पर प्रशिक्षण दिया, जिसका नगरवासियों ने लाभ लिया। आगामी हैप्पीनेस प्रोग्राम 1 से 6 अप्रैल तक किया जाएगा।

### जेपी की छात्रा का नवोदय में चयन

**कांकेर।** ग्राम किरगोली की होनहार छात्रा यशस्वी शिखर कोड़ोपी ने नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा में शानदार प्रदर्शन करते हुए 93.75 प्रतिशत अंक अर्जित कर जिले में प्रथम स्थान हासिल किया है।



वर्तमान में कक्षा 5 वीं की छात्रा यशस्वी जेपी इंटरनेशनल स्कूल, सरंगपाल में अध्ययनरत हैं। उनकी इस उपलब्धि से न केवल परिवार और विद्यालय बल्कि पूरे क्षेत्र में खुशी की लहर है। यशस्वी की मेहनत, लगन और अनुशासन ने यह सिद्ध कर दिया है कि दृढ़ संकल्प के साथ की गई तैयारी सफलता जरूर दिलाती है।

### छात्रवृत्ति ऑनलाइन पंजीयन 30 तक

**कांकेर।** जिले में संचालित समस्त शासकीय तथा अशासकीय महाविद्यालयों, मेडिकल कॉलेज, पॉलिटेक्निक एवं आईटीआई में अध्ययनरत अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थी पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के लिए 30 मार्च तक ऑनलाईन पंजीयन करा सकते हैं। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास से प्राप्त जानकारी के अनुसार शिक्षा सत्र 2025-26 हेतु ऑनलाईन पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति कक्षा 12 वीं के आवेदन पंजीयन, स्वीकृति एवं वितरण की कार्यवाही वेबसाइट पर ऑनलाईन की जा रही है।

### महिला उमंग प्रतिभा महाधिवेशन कल

**भानुप्रतापपुर।** दीनदयाल अंत्योदय योजना राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत गठित संकुल स्तरीय संगठनों द्वारा महिला उमंग एक प्रतिभा 2026 महाधिवेशन का आयोजन 24 मार्च मंगलवार को किया जा रहा है। यह कार्यक्रम महिला सशक्तिकरण, स्वावलंबन और ग्रामीण प्रतिभाओं को मंच प्रदान करने के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है।

गोंडवाना समाज का दो दिवसीय वार्षिक सम्मेलन बांधा में हुआ

# जब समाज शिक्षित होगा, तभी वह प्रगति के मार्ग पर तेजी से आगे बढ़ेगा : अंबिका

- युवाओं को नशे से दूर रखना अत्यंत जरूरी : लक्ष्मी ध्रुव

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी





गोंडवाना समाज सेवा समिति तहसील नगरी के तत्वावधान में तहसील स्तरीय दो दिवसीय वार्षिक सम्मेलन ग्राम बांधा में हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत पेन शक्तियों की सेवा अर्जी एवं गोंडवाना के सप्तरंगी ध्वज के ध्वजारोहण से हुई।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक अंबिका मरकाम, गोंडवाना समाज सेवा समिति के तहसील अध्यक्ष टिकेश्वर ध्रुव व विशेष अतिथि पूर्व विधायक श्रवण मरकाम, पूर्व डॉ.लक्ष्मी ध्रुव, रामप्रसाद मरकाम, शुकंतला ठाकुर, बिंदा नेताम, प्रमोद कंजाम जनपद सदस्य, डोमार सिंह ध्रुव मीडिया प्रभारी,सुरेंद्र नेताम, हरक मंडावी, कलावती मरकाम, सतरूपा तमोवंशी, वेदप्रकाश मंडावी, ग्रामपटेल नरसिंह मरकाम, बुधराम नेताम व अन्य पंचायतों के सरपंच रमेश मंडावी, मानकी कुंजाम, मोनिका मंडावी, लोकेश्वरी नेताम, रामेश्वर मरकाम, उत्तम नेताम एवं राधिका नेताम थे।

उपक्षेत्रीय अध्यक्ष मयाराम नागवंशी ने कहा कि सम्मेलन में समाज की परंपराओं, संस्कृति, शिक्षा, नशामुक्ति एवं सामाजिक एकता जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा होती है। समाज हित में अनेक निर्णय लिए जाते हैं। द्वितीय दिवस रविवार को छोटे बच्चों द्वारा पारंपरिक नृत्य प्रस्तुत किए गए।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक अंबिका मरकाम ने कहा कि समाज को एकजुट रहकर हर गतिविधि में सक्रिय भागीदारी निभानी चाहिए। उन्होंने शिक्षा को विकास की आधारशिला बताते हुए कहा कि जब समाज शिक्षित होगा, तभी वह प्रगति के मार्ग पर तेजी से आगे बढ़ सकेगा।

पूर्व विधायक लक्ष्मी ध्रुव ने कहा कि आदिवासी समाज निरंतर प्रगति की ओर अग्रसर है, युवाओं को नशे से दूर रखना अत्यंत जरूरी है। उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि वे बच्चों को नशे की बुराइयों से बचाएं और उन्हें शिक्षित बनाकर समाज को सशक्त करें।

जिला पंचायत सभापति अजय ध्रुव ने कहा कि जनजातीय समाज अपनी संस्कृति और सभ्यता के संरक्षण के साथ निरंतर आगे बढ़ रहा है और आज विश्व स्तर पर अपनी पहचान बना रहा है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे अपनी प्रतिभा और कौशल का उपयोग समाज, क्षेत्र और देश के विकास में करें।

जिला पंचायत अध्यक्ष अरुण सर्वा ने कहा कि समाज के युवाओं को नशा से दूर रहने की आवश्यकता है तभी समाज आगे बढ़कर विकास करेगा। महासभा को समाज अध्यक्ष टिकेश्वर ध्रुव, पूर्व विधायक श्रवण मरकाम, महेश गोटा, जनपद सदस्य प्रमोद कुंजाम, डोमार सिंह धुव, रमतू नेताम, मोहन सिंह कुर्रू, जोहन नेताम, हरक मंडावी, संजू नेताम, बलराम सोरी, साधु राम नेताम, वेदप्रकाश मंडावी, सतरूपा तमोवंशी ने भी संबोधित किया गया ।

कार्यक्रम में समाज के उत्कृष्ट छात्र-छात्राओं ,युवाओं का सम्मान हुआ। व्यवसायी संजू नेताम ने युवाओं को व्यवसाय क्षेत्र के लिए प्रेरित किया।नवोदय में विद्यार्थियों को सफलता दिलाने वाले शिक्षकों पीलू राम निषाद होरीलदास मानिकपुरी कोटेंद्र तथा शिक्षा क्षेत्र में विशिष्ट योगदान के लिए रंजीत साहू का भी सम्मान किया गया।

कार्यक्रम का संचालन सुरेंद्र नेताम, रैन सिंह नेताम, धरम नेताम ने किया। इस अवसर पर जोहर लाल चंद्रवंशी, जितेंद्रवीर कुंजाम, भगवान सिंह नेताम, पीला राम कोर्राम, शत्रुघ्न साक्षी, मीना नेताम, बिमला मरकाम, रामकुंवर मंडावी, फुलेश्वरी नेताम,प्रभा नेताम, सत्यवती नेताम श्यामसुंदर नेताम समेत बड़ी संख्या में समाजजन मौजूद थे।

## बलिदान दिवस आत्मविश्वास से भरी वीरों की विजयगाथा है : दीपक




- हिन्दू जागरण मंच ने अमर बलिदानियों को दी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

हिन्दू जागरण मंच ने अमर बलिदानियों भगतसिंह, राजगुरु, सुखदेव को याद करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित कर बलिदान दिवस मनाया। इस अवसर पर हिन्दू जागरण मंच के प्रांत युवा आयाम दीपक सिंह ठाकुर ने कहा कि बलिदान दिवस अमर शहीदों के राष्ट्र प्रेम और शत्रुओं के अत्याचार पर आत्मविश्वास से भरी वीरों की विजय गाथा है। प्रांत संगठक मंत्री ने हिन्दू जागरण मंच कार्यों के बारे में बताया। मुख्य वक्ता मनीष उपाध्याय ने त्याग, समर्पण, देश प्रेम राष्ट्र सेवा की भावना से परिचय कराया मंच पर मोहनलाल साहू प्रांत सहसेवा प्रमुख, घनश्याम साहू राजिम विभाग सहकार्यवाह, जिला सहकार्यवाह सुनील यदु राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, हेमराज सोनी जिला गौ सेवा अध्यक्ष, एलके साहू अध्यक्ष फ्रीडम एकेडमी थे। देश भक्ति गीत ममता खालसा, महेंद्र साहू, निकिता साहू, सिमरन हिंदूजा ने प्रस्तुत किया। पूर्व सैनिक परिषद के पदाधिकारियों को सम्मानित किया गया। मौके पर मंच जिला संयोजक पुरूषोतम निषाद, सहसंयोजक चित्रेश साहू, डाकेश्वर साहू, प्रतीक सोनी, सनत साहू, युवा आयाम सत्यम सिन्हा, संपर्क प्रमुख अमरदीप महाजन, नगर संयोजक अभिषेक साहू, कुरूद खंड संयोजक संस्कार साहू, युवा आयाम उमाशंकर साहू, धमतरी खंड संयोजक कमल नारायण साहू तथा हिंदू जागरण मंच के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## अटंग में ठाकुरदेव की हुई स्थापना



- गांव की सुख शांति व समृद्धि की कामना की गई

हरिभूमि न्यूज ⏭सिर्री

ग्राम अटंग में ठाकुर देव की विधिवत पूजा कर स्थापना की गई। गांव की सुख शांति व समृद्धि के लिए ठाकुर देवता के साथ ही भैंसासुर की स्थापना हुई। बुजुर्गों और ग्राम प्रमुखों ने बताया गया कि गांव की सुरक्षा, समृद्धि, शांति और उन्नति को लेकर ठाकुरदेव की स्थापना की गई है।

पंडित नीलमणि शर्मा द्वारा पूजन संपन्न किया गया। मौके पर भागवत राम साहू ग्रामीण अध्यक्ष, भागवत साहू उपाध्यक्ष, हेदनाथ निर्मलकर सचिव , इंद्रराम साहू कोषाध्यक्ष, शिव कुमार साहू सहसचिव, कलीराम साहू संरक्षक, रोशनलाल चन्द्राकर सलाहकार पूर्व सरपंच प्रतिनिधि, फत्तेलाल तारक सलाहकार, साधुराम पटेल, टेकराम साहू पूर्व अध्यक्ष साहू समाज, राधेश्याम साहू, कुंदन चंद्राकर, प्रकाश साहू, नंद कुमार साहू सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

## फुटबाल प्रतियोगिता : बाहरी टीमें हुईं स्पर्धा से बाहर






हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

खेल पखवाड़ा के शुभारंभ अवसर पर आयोजित फुटबॉल प्रतियोगिता में खिलाड़ियों का जोश और रोमांच चरम पर रहा। सुबह शुरू हुए मुकाबले देर रात तक चलते रहे, जिसमें शहर सहित बाहर से आई 17 अंडर-19 टीमों ने हिस्सा लिया। शुरुआती लीग मैचों में बाहरी टीमों का प्रदर्शन कमजोर रहा और वे प्रतियोगिता से बाहर हो गईं, जबकि शहर की टीमों ने क्वार्टर फाइनल और सेमीफाइनल में शानदार खेल दिखाते हुए अपना दबदबा बनाए रखा।

आयोजन के संरक्षक पंडित राजेश शर्मा पूरे समय मैदान में मौजूद रहकर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते रहे। उनके साथ अभिभावक भी बड़ी संख्या में पहुंचे और अपने बच्चों का हौसला बढ़ाया। आयोजन समिति द्वारा विजेता टीम को 7000 रुपये, उपविजेता को 5000 रुपये तथा उत्कृष्ट खिलाड़ियों को सम्मानित करने की व्यवस्था की गई है। खेल पखवाड़ा के संयोजक योगेश रायचुरा ने बताया कि इस आयोजन का उद्देश्य युवाओं को खेलों से जोड़कर स्वस्थ और ऊर्जावान समाज का निर्माण करना है, ताकि शहर के खिलाड़ी राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बना सकें।

## अछोटी में उत्साह से मनाया गया मां कर्मा जन्मोत्सव

संत माता कर्मा त्याग, तपस्या और सेवा की प्रतिमूर्ति थी : गौकरण

हरिभूमि न्यूज ⏭सिर्री





ग्राम अछोटी में ग्रामीण साहू समाज द्वारा संत माता कर्मा जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर पीले वस्त्र धारण कर कलश यात्रा निकाली गई जो गांव के सामाजिक भवन से बाजार चौक, कारगिल चौक, बजरंग चौक, स्कूल पारा, जय स्तंभचौक, इंदिरा चौक से होते हुए वापस कार्यक्रम स्थल पर पहुंची। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि चिंवरी परिक्षेत्र साहू समाज अध्यक्ष रेलहाराम साहू थे। अध्यक्षता ग्रामीण साहू समाज संरक्षक पुराणिकराम साहू ने की। विशिष्ट अतिथि जिला पंचायत उपाध्यक्ष गौकरण साहू, पूर्व ग्रामीण अध्यक्ष रजऊराम साहू, सरपंच पूरणलाल घृतलहरे, संगठन सचिव रोशन साहू, कोषाध्यक्ष राजकुमार साहू, उपाध्यक्ष राजेन्द्र साहू, चिंवरी परिक्षेत्र महिला उपाध्यक्ष पूर्णिमा साहू, चिंवरी परिक्षेत्र महिला संगठन दीपा साहू थे।

मुख्य अतिथि रेलहाराम ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य यह है कि लोग उचित मार्ग पर चले। आज युवा नशे, जुआ जैसे गलत मार्ग पर चल रहे हैं। गौकरण साहू ने कहा कि संत माता कर्मा त्याग, तपस्या और मानव सेवा की प्रतिमूर्ति थी। उन्होंने माता कर्मा के बताए रास्ते पर चलने की बात कही। सरपंच पूरणलाल घृतलहरे ने कहा कि साहू समाज संगठन, अनुशासन और कड़ी मेहनत के लिए जाना जाता है। साहू समाज के सहयोग और प्रयास से जुआ एवं अन्य असामाजिक कृत्यों पर काबू पाया गया। नशे के विरुद्ध समाज में कानून लायेंगे और गांव को नशामुक्त बनाएंगे। पूर्व ग्रामीण अध्यक्ष रजऊराम साहू ने कहा कि माता कर्मा के जीवन से प्रेरणा लेना चाहिए। मंच संचालन कोषाध्यक्ष जोहतूराम साहू व आभार व्यक्त ग्रामीण साहू समाज अध्यक्ष राजकुमार साहू ने किया।

इस आयोजन में उपाध्यक्ष मोहरलाल साहू, सचिव आनंद साहू, कोषाध्यक्ष जोहतू राम साहू, संगठन सचिव महेन्द्र बनपेला, अंकेक्षक अजय साहू, संरक्षक रामाराम साहू, संरक्षक संजय साहू, संरक्षक डा कृष्णादयाल साहू, भारत साहू, यादेश्वर साहू, महिला संगठन सचिव टिकेश्वरी साहू, महिला प्रकोष्ठ से ओमबाई साहू, खिलेश्वरी साहू, नंदिनी साहू, मीना साहू, सीताराम साहू, पोखन साहू, चुरामन साहू, माधोराम साहू समेत अन्य सामाजिकजन मौजूद थे।

## मां अंगारमोती मंदिर में 26 ज्योत प्रज्ज्वलित

हरिभूमि न्यूज ⏭अंवरी



प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष सभी ग्राम पुरेना भाठा में स्थित मां अंगार मोती के दरबार में 26 ज्योति कलश प्रज्वलित किए गए हैं, जो कि बरसों से चले आ रही है परंपरा है। पुजारी महेश टंडन ने बताया कि मां अंगार मोती के दरबार में सच्चे मन से मन्नत मांगते है वह पूराहोता है।

उन्होंने बताया कि प्रतिवर्ष हजारों की संख्या में बच्चे के लिए मन्नत मांगने महिलाएं आती है जो कि उसे साल भर के अंदर माता रानी की कृपा से उसकी सूने गोद भर जाती है। माता के पुजारी महेश टंडन , हिमेश टंडन, रामप्रसाद छेड़ैया ,धर्मेंद्र, इंदर बाई, दीनदयाल यादव ,ओंकार प्रसाद साहू ,राजा साहू ,कुलदीप साहू ,ओंकार साहू, राधे लाल देवांगन, मनीषा बाई साहू, कुलदीप, मेहता, गजेंद्र, रुपेश, लतेलू राम, लोकनाथ साहू, लव कुमार साहू, लोकेश्वर धीवर, तनु साहू, कमलेश, सोहन गायकवाड़, आकाश, संतोष राम, दिनेश कुमार, प्रियंका, रविकांत, भगवती निषाद, मनीष ध्रुवंशी, परमानंद साहू, योग्यता बघेल बड़ी संख्या में श्रद्धालु सेवा में लगे हैं।

## 44 कार्यों की मिली मंजूरी, 15 वार्डों में होंगे आधारभूत कार्य

- भखारा-भठेली नपं की पीआईसी बैठक में आधारभूत सुविधाओं का विस्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭अंवरी





मुख्यमंत्री विष्णु देव साय द्वारा नगरीय क्षेत्र के समग्र विकास को लेकर की गई घोषणा के बाद क्षेत्रीय विधायक अजय चंद्राकर के विशेष प्रयास से भखारा नगर पंचायत क्षेत्र को लगभग 1 करोड़ 29 लाख रुपये के विकास कार्यों की स्वीकृति मिली है। इस राशि से नगर पंचायत के सभी 15 वार्डों में विभिन्न आधारभूत सुविधाओं का विस्तार पीआईसी की बैठक में किया। स्वीकृत राशि से नगर के विभिन्न वार्डों में सीसी रोड निर्माण, नाली निर्माण, सीसी टॉप, बाउंड्री वॉल, शेड निर्माण सहित अन्य आवश्यक जनहित कार्य शीघ्र प्रारंभ किये जाएंगा।

इस संबंध में नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती ज्योति जैन ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की मंशा है कि प्रदेश के हर नगर और गांव में आधारभूत सुविधाओं का तेजी से विस्तार हो। विधायक अजय के प्रयास से नगर पंचायत क्षेत्र को इतनी बड़ी राशि मिली है। बैठक में सीएमओ संतोष विश्वकर्मा, उपाध्यक्ष विष्णु साहू, सभापति गण हितेंद्र साहू, छबिलाल निर्मलकर, अंजू साहू, भूपेश्वरी चंदेल समेत विभिन्न विभाग के कर्मचारी उपस्थित थे।

वार्ड 1 में गोविन्द साहू घर के पास शेड निर्माण कार्य,वार्ड 02 में पानी टंकी हेतु बाउण्ड्रीवाल निर्माण कार्य,वार्ड 03 में आंगनबाड़ी हेतु बाउण्ड्रीवाल एवं गार्डन के पास बोर खनन कार्य,वार्ड क. 04 में कोलियारी रोड पानी टंकी के पास सम्पवेल (क्षमता 50000 लीटर) , पानी टंकी हेतु बाउण्ड्रीवाल, फिटवेल घर से रूपेश दीवान घर तक सी.सी. टॉप रोड निर्माण, कल्याण घर के पास बोर खनन कार्य,वार्ड 06 में भीम निषाद घर से शेर निर्मलकर घर तक सीसी रोड, भीम निषाद घर से शेर निर्मलकर घर तक आर.सी.सी. नाली निर्माण कार्य, वार्ड 07 में ताराचंद घर से रामा कुआं तक आर.सी.सी. नाली, शीतला तालाब के सामने कांक्रीटीकरण, पंचराम साहू के घर से पचकौड़ साहू घर तक सी.सी. रोड, भुनेश्वर यादव घर से हेमंत पटेल घर तक आरसीसी. नाली , सोहन निषाद घर से दीनू पटेल घर तक आर.सी.सी. नाली निर्माण कार्य,

वार्ड. 8 में श्रवण साहू घर से कृपाल साहू घर तक आर.सी.सी. नाली निर्माण, छबि निर्मलकर घर से मनीष नाहटा घर तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य, तहसील ऑफिस में शौचालय निर्माण कार्य, वार्ड में रामलीला मैदान से प्रमोद साहू घर तक सी.सी. टॉप रोड निर्माण कार्य,

वार्ड चतुर साहू घर से ईश्वर यादव घर तक सी.सी. टॉप रोड, दीनानाथ घर के पास चबूतरा निर्माण कार्य, वार्ड 10 में कमल किराना से युवराज निषाद घर तक सी.सी. टॉप रोड निर्माण, रामपुर रोड से फिल्टर प्लांट तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य, फिल्टर प्लांट नाला के पास बोर खनन कार्य, मांगलिक भवन के पास बोर खनन कार्य, वार्ड 11 में धनेश्वर साहू घर से मोहित साहू घर तक सी.सी. टॉप रोड निर्माण कार्य, कुशराज सोन घर से चतुर साहू घर तक सी.सी. टॉप रोड निर्माण कार्य, प्रवीण साहू के घर से गोपालन साहू घर तक सी.सी. टॉप रोड निर्माण कार्य, वार्ड 12 में टालेन्द्र गंजीर घर से जगेश्वर कोसरिया घर तक सी.सी. टॉप रोड निर्माण कार्य, यदुनंदन साहू घर से डॉ यदु घर तक सी.सी. टॉप रोड निर्माण कार्य, हेमलाल घर से विष्णु ठाकुर घर तक सी.सी. टॉप रोड निर्माण कार्य, केंवरा घर से खुबलू साहू घर तक आर.सी.सी. नाली निर्माण कार्य, वार्ड 13 में ईश्वर साहू घर से विश्राम साहू घर तक सी.सी. टॉप रोड निर्माण कार्य केंवरा घर से बाईपास रोड तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य, संतोष साहू के घर से बायपास रोड तक आर.सी.सी. नाली निर्माण कार्य, वार्ड 14 में आंगनबाड़ी के पास सी.सी. रोड निर्माण कार्य, पानी टंकी के पास सम्पवेल (क्षमता 50000 लीटर) निर्माण कार्य, पानी टंकी हेतु बाउण्ड्रीवाल निर्माण कार्य, ढालसिंग घर से अशोक साहू घर तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य, हनुमान मंदिर के सामने कांक्रीटीकरण कार्य,वार्ड क. 15 में मंगल भवन से सुराज बाई घर तक आर.सी.सी. नाली निर्माण, मंडी के सामने सी.सी. टॉप रोड ,गडडिया घर के पास बोर खनन कार्य होगा।

## मेघा-सिंगपुर-दुगली मार्ग की मरम्मत शुरू, ग्रामीणों को मिलेगी राहत

- विशेष मद के तहत 148 .73 लाख रस्वीकृत, इसी माह कंपलीट होंगे कार्य

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



जिले के ग्रामीण क्षेत्र में आवागमन सुविधा को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से मेघा–सिंगपुर–दुगली मार्ग में 7 किलोमीटर सड़क की मरम्मत एवं आवश्यकतानुसार डामरीकरण कार्य किया जा रहा है। यह कार्य ग्रामीणों की मांग के अनुरूप विशेष मद के तहत 148.73 लाख रुपये की लागत से स्वीकृत किया गया है। कार्य मार्च माह तक पूर्ण होने की संभावना है। यह मार्ग लंबे समय से क्षतिग्रस्त होने के कारण स्थानीय नागरिकों को आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था। ग्रामीणों को विकासखण्ड मुख्यालय एवं जिला मुख्यालय तक पहुंचने में परेशानी होती थी।

कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने कार्य की प्रगति की समीक्षा करते हुए कहा कि शासन की प्राथमिकता ग्रामीण क्षेत्र में आधारभूत सुविधाओं का विस्तार करना है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है कि निर्माण कार्य गुणवत्ता के साथ समय-सीमा में पूर्ण किया जाए। कलेक्टर श्री मिश्रा ने कहा कि सड़क निर्माण से न केवल आवागमन सुगम होगा, बल्कि क्षेत्र के आर्थिक एवं सामाजिक विकास को भी गति मिलेगी। किसानों, विद्यार्थियों एवं आम नागरिकों को दैनिक गतिविधियों में सहूलियत प्राप्त होगी।







विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### टेट के खिलाफ शिक्षकों की रणनीति बैठक आज

**धमतरी।** शिक्षकों के अधिकारों पर बढ़ते संकट और टेट की अनिवार्यता के कारण पदोन्नति एवं नौकरी पर मंडरा रहे खतरे के विरोध में अब निर्णायक संघर्ष का समय आ गया है। देश एवं प्रदेश के प्राथमिक एवं माध्यमिक शालाओं में कार्यरत शिक्षक इस अन्याय के खिलाफ एकजुट होकर आवाज बुलंद करने के लिए तैयार हैं। इसी कड़ी में टीचर्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (टीएफआई) के बैनरतले 4 अप्रैल को राजधानी दिल्ली में आयोजित होने वाले राष्ट्रव्यापी महाधरना एवं प्रदर्शन की तैयारी हेतु टीचर्स फेडरेशन ऑफ़ इंडिया के जिला इकाई जिसमें छत्तीसगढ़ प्रदेश संयुक्त शिक्षक संघ, छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक फेडरेशन, सर्व शैक्षिक संघ, छत्तीसगढ़ समन्वय संघ सहित अन्य सभी संघों की बैठक 24 मार्च को दोपहर 3 बजे कर्मचारी भवन कचहरी चौक धमतरी में होगी। जिला संचालक अमित महोबे, दौलत ध्रुव, जसपाल सिंह खनूजा, अमित खरे ने उपस्थिति की अपील की है।

### जिला अंडर 23 महिला-पुरुष टीम का चयन ट्रायल 29 को



**धमतरी।** पीजी कॉलेज क्रिकेट स्टेडियम में 29 मार्च को प्रातः 8 बजे से धमतरी जिला अंडर-23 महिला एवं पुरूष टीम का चयन किया जाएगा। इस चयन प्रक्रिया में सिर्फ धमतरी जिले के अंडर-23 महिला एवं पुरूष डयूज बॉल क्रिकेट खिलाडी भाग ले सकते हैं। दोनों वर्ग के खिलाड़ियों के लिये कट ऑफ डेट 1.09.2003 से 31.08.2007 निर्धारित की गई है। खिलाड़ियों को पिछले 6 वर्षों की सत्यापित अंकसूची प्रस्तुत करना आवश्यक है। डिजिटल एवं मैनुअल जन्म-प्रमाण प्रस्तुत करना होगा। नवीनतम फोटो के साथ पीवीसी आधारकार्ड जरूरी है। मूल पेनकार्ड , बैंक खाता पासबुक अथवा केंसिल चेक प्रस्तुत करना आवश्यक है।

### नौकायान प्रतियोगिता की फोटो 25 तक जमा होगी

**धमतरी।** जिले में हाल ही में आयोजित नौकायान प्रतियोगिता के रोमांचक एवं मनोहारी पलों को संरक्षित करने के उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा विशेष उत्कृष्ट फोटो को पुरस्कृत किया जाएगा। प्रतिभागियों से नौकायान से संबंधित आकर्षक, सृजनात्मक एवं उच्च गुणवत्ता वाले फोटोग्राफ आमंत्रित किए गए हैं। प्रतिभागियों को अपनी फोटो 12×15 इंच आकार में हार्ड कॉपी के साथ-साथ सॉफ्ट कॉपी में भी प्रस्तुत करना होगा। प्रत्येक प्रविष्टि के साथ प्रतिभागी का नाम, पूर्ण पता एवं मोबाइल नंबर अंकित करना अनिवार्य रहेगा। इच्छुक प्रतिभागी अपने फोटोग्राफ मंगलवार 25 मार्च की शाम 5 बजे तक जिला जनसंपर्क कार्यालय कलेक्ट्रेट परिसर धमतरी में जमा कर सकते हैं।

18 हजार हेक्टेयर में चना और 52 सौ हेक्टेयर में सरसों की फसल ली जा रही

# ओलावृष्टि से एक हजार हेक्टेयर रबी फसल के नुकसान का अनुमान

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

16 मार्च को आंधी बारिश और बर्फबारी की मार से रबी फसल को हुए नुकसान का आंकड़ा सामने आया है। जिले में 800 हेक्टेयर से अधिक रकबा प्रभावित है। अभी सर्वे का कार्य जारी है। कहा जा रहा हैकि अंतिम सर्वे रिपोर्ट में एक हजार हेक्टेयर फसल आसामयिक ओलावृष्टि की भेंट चढ़ गई।

उल्लेखनीय है कि फसलचक्र परिवर्तन के लिए जिले के किसानों में लगातार जागरुकता आ रही है। किसान धान फसल के बाद दलहन तिलहन की उपज लेने की ओर अग्रसर हैं। कृषि विभाग के अनुसार वर्ष 2024-25 में 21 हजार हेक्टेयर पर दलहन तिलहन, साग सब्जी की फसल लगाई गई थी। 2025-26 में दलहन तिलहन, साग सब्जी 31 हजार हेक्टेयर में ली जा रही है। 18 हजार हेक्टेयर में चना, 5200 हेक्टयेर में सरसों के अलावा तिवड़ा, मूंग, उड़द शामिल है।

कृषि विभाग के जिलाधिकारी मोनेशकुमार साहू ने बताया कि फसल क्षति का सर्वे किया जा रहा है। फसल का बीमा करा चुके किसान बीमा कंपनी के टोल फ्री नं. पर शिकायत दर्ज करा रहे हैं। गैर बीमित किसानों की फसल का सर्वे पटवारी और आरईओ के माध्यम से कराया जा रहा है। ताजा आंकड़ा के अनुसार 850 हेक्टेयर क्षेत्र प्रभावित हुआ है।



#### आठ सौ हेक्टेयर से अधिक रकबा प्रभावित

जिले में 18210 हेक्टेयर में चना तथा 5200 हेक्टेयर में सरसों की खेती की गई है। अब तक किए गए सर्वे में फसल क्षति का कुल रकबा 820 हेक्टेयर है जिसमें 804.54 हेक्टेयर चना तथा 15.55 हेक्टेयर सरसों की फसल प्रभावित पाई गई है। क्षति सर्वे का कार्य 30 मार्च तक किया जाएगा, जिसमें क्षति का आकलन और अधिक हो सकता है।

#### गैर बीमित फसल का सर्वे पटवारी आरईओ के हवाले

जिले में 12000 किसानों ने रबी फसल का बीमा कराया है। बीमा कंपनी के टोल फ्री नं. पर फसल क्षति की 3400 शिकायतें मिली हैं। वहीं गैर बीमित फसल वाले किसान भी मौसम की मार झेल रहे हैं। ऐसे किसानों के लिए पटवारी तथा आरईओ फसल क्षति का सर्वे कर रिपोर्ट तैयार कर रहे हैं। फसल क्षति रकबा में 804.25 हेक्टेयर प्रभावित, चना फसल में 77 हेक्टेयर गैरबीमित फसल है। 15.55 हेक्टेयर प्रभावित सरसों की फसल में 5.15 हेक्टेयर फसल गैरबीमित है।

# मां अंगारमोती दाई को छप्पन भोग अर्पित

■ चैत्र नवरात्रि की पंचमी पर उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

चैत्र नवरात्रि पर आदिशक्ति अंगारमोती दाई मंदिर में पंचमी तिथि पर पारंपरिक रूप से छप्पन भोग अर्पित कर विधिवत पूजा-अर्चना की गई। मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष जीवराखन मरई ने इस अवसर पर प्रदेशवासियों एवं विशेष रूप से आदिवासी समाज की सुख-समृद्धि, शांति और खुशहाली के लिए मां से प्रार्थना की।

श्री मरई ने बताया कि नवरात्रि के नौ दिनों में मां के विभिन्न स्वरूपों की आराधना की जाती है, जिससे श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक ऊर्जा और मानसिक शांति प्राप्त होती है। प्रतिदिन विशेष पूजा-विधि के साथ मां के अलग-अलग रूपों का पूजन किया जा रहा है, जिससे भक्तों में आस्था और भक्ति का संचार हो रहा है। उन्होंने कहा कि मां अंगार मोती दाई का दरबार अत्यंत दिव्य एवं चमत्कारी है, जहां पहुंचते ही भक्तों को सकारात्मक ऊर्जा का अनुभव होता है।

मंदिर के मुख्य पुजारी ईश्वर नेताम ने बताया कि दूर-दराज से बड़ी संख्या में श्रद्धालु यहां पहुंचकर अपनी समस्याओं के समाधान के लिए मां के चरणों में प्रार्थना करते हैं और मां की कृपा से उनकी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। उन्होंने विशेष रूप से कहा कि संतान सुख की कामना करने वाले भक्त भी यहां आकर श्रद्धा पूर्वक प्रार्थना करते हैं और उन्हें आशीर्वाद प्राप्त होता है।





नवरात्रि के अवसर पर मंदिर परिसर को भव्य रूप से सजाया गया है। प्रतिदिन पूजा, आरती, भजन-कीर्तन एवं विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए ट्रस्ट द्वारा पेयजल, प्रसाद वितरण, सुरक्षा और साफ-सफाई की समुचित व्यवस्था की गई है।

इस आयोजन को सफल बनाने में ट्रस्ट के पदाधिकारियों, पुजारियों एवं सेवकों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। इस दौरान तुकाराम मरकाम, केशव नेताम, उपाध्यक्ष माधव सिंह ठाकुर, संरक्षक डॉ. ए.आर, शिवचरण नेताम, सचिव ढालूराम ध्रुव, सह सचिव देवानंद नेताम, कोषाध्यक्ष ओंकार सिंह मरकाम सहित अनेक सदस्य एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे। मुख्य पुजारी ने मां अंगारमोती दाई से सभी के कल्याण की कामना की।

# नीलगाय का शिकार आरोपी पकड़ाया



■ गर्दन, पेट और पिछले हिस्से में तीर लगे हुए थे

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

धमतरी वनमंडल के केरेगांव वन परिक्षेत्र में नीलगाय के अवैध शिकार का मामला सामने आया है। 22 मार्च की सुबह लगभग 7:30 बजे बासीखाई बीट के आरक्षित वन कक्ष क्रमांक 121 में एक 3 से 4 वर्ष आयु का नर नीलगाय मृत अवस्था में मिला। वन विभाग की प्रारंभिक जांच में पाया गया कि नीलगाय के गर्दन, पेट और पिछले हिस्से में तीर लगे हुए थे, जिससे स्पष्ट हुआ कि शिकारियों ने अवैध रूप से उसका शिकार किया।

घटना की सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम सक्रिय हो गई और आरोपियों की तलाश शुरू की गई। संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ की गई तथा गरियाबंद स्थित उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व से डॉग स्क्वॉड बुलाया गया। प्रशिक्षित कुत्ते ने घटनास्थल से तीर की गंध पकड़ते हुए मन्नू पिता लहर सिंग ग्राम डोकाल के घर तक पहुंचकर जांच को दिशा दी।

आरोपी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जा रही है और उसे न्यायालय में प्रस्तुत किया जाएगा। डीएफओ ने बताया कि कि वन्यप्राणियों के अवैध शिकार को रोकने के लिए लगातार अभियान चलाए जा रहे हैं, जिनमें उड़नदस्ता टीम, स्ट्राइक फोर्स और गुप्तचर सक्रिय हैं। वन विभाग ने ग्रामीणों और आम नागरिकों से अपील की है कि वे किसी भी वन अपराध की सूचना तुरंत नजदीकी वन कार्यालय को दें। सूचना देने वालों की पहचान गोपनीय रखी जाएगी तथा शासन द्वारा प्रोत्साहन राशि का भी प्रावधान किया गया है।

# चैत्र नवरात्रि पर भक्ति, शक्ति और मनोरंजन का अद्भुत त्रिवेणी संगम



■ कुरुद में मीना बाजार और साहसिक स्टंट बने आकर्षण का केंद्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶कुरूद

चैत्र नवरात्रि पर नगर में भक्ति, शक्ति और मनोरंजन का अद्भुत त्रिवेणी संगम देखने को मिल रहा है। पंचमी तिथि पर नगर के देवी मंदिरों में सुबह से ही भक्तों की लंबी कतारें लगी रहीं। महाकाली छत्तीसगढ़ महतारी मंदिर और मां चण्डी मंदिर सहित विभिन्न शक्ति स्थलों में श्रद्धालुओं ने माता के चरणों में शीश नवाकर सुख-समृद्धि की कामना की। आस्था की परंपरा को कायम रखते हुए इस वर्ष भी भारी संख्या में मनोकामना ज्योति कलश प्रज्ज्वलित किए गए हैं। मां चण्डी मंदिर में 765 और महाकाली छत्तीसगढ़ महतारी मंदिर में 551 दीपों की आभा भक्तों की अटूट श्रद्धा प्रकट कर रही है। वहीं शीतला माता मंदिर में 51 ज्योति कलशों के साथ जंवारा बोया गया है। रात्रि के समय आकर्षक विद्युत सज्जा और देवी गीतों की गूंज से पूरा वातावरण अलौकिक हो उठा है।





#### मेले में उमड़ रहा भक्तों का सैलाब

नगर के बहुप्रतीक्षित वार्षिक मेले और मीना बाजार का औपचारिक शुभारंभ रविवार की संध्या को हुआ। छग महतारी मंदिर के संस्थापक एवं पूर्व विधायक गुरूमुख सिंह होरा ने पूजा-अर्चना के बाद फीता काटकर मेला का उद्घाटन किया। शाम ढलते ही मंदिर में श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ रहा है। भक्त माता के दर्शन कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना कर रहे हैं। वहीं प्रशासन और आयोजन समिति उमड़ने वाली संभावित भारी भीड़ को देखते हुए सुरक्षा और सुचारू व्यवस्था बनाने में जुटी है।

#### आधुनिकता और रोमांच का जबरदस्त तड़का

मेले में इस बार आधुनिकता और रोमांच का जबरदस्त तड़का लगा है। जहां एक ओर ऑक्टोपस, ब्रेकडांस और सुपर ड्रैगन जैसे झूले युवाओं की धड़कनें बढ़ा रहे हैं, वहीं बच्चों के लिए मिक्की माउस और बेबी ट्रेन विशेष आकर्षण बने हुए हैं। मौत का कुआं में मोटरसाइकिल और स्कॉर्पियो के हैरतअंगेज स्टंट दर्शकों को दांतों तले उंगली दबाने पर मजबूर कर रहे हैं। मीना बाजार में विभिन्न राज्यों से आए व्यापारियों की दुकानों पर खरीदारी के लिए भारी भीड़ उमड़ रही है।

# नोटिसों की मार से व्यथित परिवार आमरण अनशन पर बैठा



■ तहसील कार्यालय के सामने लगाई न्याय की गुहार

हरिभूमि न्यूज ▶▶कुरूद

ग्राम रावनगुड़ा (ग्राम पंचायत बकली) में निवासरत राजेंद्र मिरे एवं उनकी पत्नी ईश्वरीय मिरे ने बेदखली के लगातार मिल रहे नोटिसों से आहत होकर अंततः आमरण अनशन का मार्ग चुन लिया है। सोमवार से वे अपने परिवार सहित तहसील कार्यालय कुरुद के समक्ष धरने पर बैठ गए हैं, जहां उनकी पीड़ा अब जनचर्चा का विषय बनती जा रही है।

पीड़ित परिवार का आरोप है कि पंचायत का रवैया उनके प्रति पक्षपातपूर्ण है। उनका कहना है कि गांव में अन्य लोग भी शासकीय भूमि पर खेती कर रहे हैं, किंतु कार्रवाई का दायरा केवल उनके परिवार तक सीमित रखा गया है। बार-बार के नोटिसों ने उन्हें मानसिक रूप से विचलित कर दिया है, जिससे विवश होकर उन्होंने यह कठोर कदम उठाया। इस आंदोलन को अब सामाजिक और राजनीतिक समर्थन भी मिलने लगा है। बसपा जिलाध्यक्ष प्रदीप जांगड़े ने इसे प्रशासनिक असमानता का उदाहरण बताते हुए निष्पक्ष कार्रवाई की मांग की। वहीं बसपा नेता आशीष रात्रे ने सतनामी समाज के साथ हो रहे कथित अन्याय का मुद्दा उठाते हुए पीड़ित परिवार के साथ खड़े होने की बात कही।

भाजपा नेता एवं सतनामी समाज के धन्नू जांगड़े, प्रेमलाल कुर्रे, डीकेश्वरी, फुलेश्वरी, विकास सिरमौर, भारती, किरण बांधे, मोहनी सिरमौर, सरोजिनी मिरे, ज्योति, भुनेश्वरी, सुनीता, धार्मिन, पायल, रानी लहरे, भारती सोनवानी ने भी आंदोलन को समर्थन प्रदान किया। अब सबकी निगाहें प्रशासन पर टिकी हैं कि वह इस संवेदनशील मामले में किस प्रकार का निर्णय लेकर न्याय की उम्मीद को साकार करता है।

# नहर के माध्यम से भरेंगे शहर के 10 प्रमुख तालाब

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

मार्च माह में ही भीषण गर्मी और तेज धूप के कारण शहर में जल संकट के हालात बनने लगे हैं। बढ़ते तापमान से भूजल स्तर तेजी से गिर रहा है, वहीं शहर और आसपास के कई प्रमुख तालाब सूखने की कगार पर पहुंच गए हैं। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए नगर निगम ने राहत की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए शहर के 10 प्रमुख तालाबों को नहर के पानी से भरने की योजना तैयार की है।

नगर निगम कमिश्नर प्रिया गोयल के निर्देशन में जल विभाग द्वारा सिंचाई विभाग को पत्र लिखकर माइनर नहरों से पानी छोड़ने की मांग की गई है। निगम के जल विभाग सभापति अखिलेश सोनकर के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने अधिकारियों से मुलाकात कर शीघ्र अनुमति देने का आग्रह किया है। योजना के तहत आमातालाब, नाचन तालाब, रामसागर तालाब, महिमासागर, शीतला तालाब, त्यागी तालाब, लिमाही तालाब, खपरी तालाब सहित अन्य जलस्त्रोतों को भरा जाएगा। शहर में कुल 22 तालाब हैं, जिनमें से कई का जलस्तर तेजी से घटा है। टिकरापारा का खपरी तालाब और 26 वर्षों से सूखा पड़ा मकई तालाब चिंताजनक स्थिति में हैं। विशेषज्ञों के अनुसार इन तालाबों के सूखने से न केवल निस्तार की समस्या बढ़ेगी, बल्कि भूजल स्तर पर भी प्रतिकूल असर पड़ेगा, जिससे हैंडपंप और मोटर पंप प्रभावित हो सकते हैं। नगर निगम का मानना है कि समय रहते नहरों के माध्यम से जलापूर्ति शुरू होने पर न केवल जलसंकट से राहत मिलेगी, बल्कि आसपास के 7-8 वार्डों में भूजल स्तर को संतुलित बनाए रखने में भी मदद मिलेगी। नगर निगम की यह योजना शहर में जल प्रबंधन को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण और दूरदर्शी पहल मानी जा रही है।



# मां दुर्गा एवं कर्मा की हुई पूजा-अर्चना



हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

नवरात्रि की चतुर्थी पर बांसपारा साहू छात्रावास में मां दुर्गा एवं मां कर्मा की विधि विधान से पूजा-अर्चना व आरती की गई। साहू समाज के जिला अध्यक्ष गणेशराम साहू ने मां दुर्गा की महिमा का बखान करते हुए सभी के खुशहाल जीवन की प्रार्थना की। इस अवसर पर महासचिव विजय साहू, डॉ गणेशप्रसाद साहू, नंदकुमार साहू, गजानंद साहू, कृष्णाराम साहू, राजेश देवान, डॉ मंजूषा साहू, कमलेश कांत, राजेंद्र कुमार साहू, रोहित कुमार साहू, डॉ रामकुमार साहू, रामेश्वर साहू, तहसील धमतरी शहर अध्यक्ष चंद्रभागा साहू समेत सामाजिकजन उपस्थित थे।

# तेंदूभाठा में 119 ज्योति प्रज्ज्वलित



**मगरलोड।** ग्राम तेंदूभाठा में भक्तिन नीरा बाई के निवास में मां दुर्गा व मां काली का मंदिर है। इस वर्ष चैत नवरात्रि में घी की 26 और तेल की 93 ज्योति सहित कुल 119 मनोकामना ज्योति प्रज्ज्वलित की गई है। माता की भक्ति में ग्रामवासी जुटे हैं।




भीषण गर्मी में लोगों को मिलेगी राहत

# निगम ने तीन जगह खोले प्याऊघर, रख-रखाव के लिए कर्मचारी होंगे तैनात

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

गर्मी के बढ़ते प्रकोप के बीच नगर पालिक निगम ने आम नागरिकों को राहत देने की दिशा में सराहनीय पहल की है।

नगर निगम आयुक्त प्रिया गोयल के निर्देशन में शहर के प्रमुख स्थानों सिहावा चौक, नगर निगम कार्यालय के सामने तथा इतवारी बाजार जैन मंदिर के पास सार्वजनिक प्याऊ (शीतल जल केंद्र) घर का शुभारंभ किया गया।

आयुक्त प्रिया गोयल ने बताया कि लगातार बढ़ते तापमान के कारण राहगीरों, मजदूरों, रिक्शा चालकों और ठेला संचालकों को पेयजल की समस्या का सामना करना पड़ता है। इसे ध्यान में रखते हुए निगम द्वारा यह जनहितकारी पहल शुरू की गई है, ताकि जरूरतमंदों को स्वच्छ और ठंडा पेयजल आसानी से उपलब्ध हो सके।




उन्होंने कहा कि निगम की प्राथमिकता जनसेवा है और इसी के तहत शहर के अन्य प्रमुख चौराहों, बाजारों एवं भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में भी चरणबद्ध तरीके से प्याऊ घर स्थापित किए जाएंगे। इसके लिए स्थान चिन्हित करने का कार्य तेजी से जारी है, जिससे अधिक से अधिक नागरिकों तक इस सुविधा का लाभ पहुंचाया जा सके।

आयुक्त ने यह भी स्पष्ट किया कि सभी प्याऊ केंद्रों पर स्वच्छता का विशेष ध्यान रखा जाएगा। नियमित रूप से पानी की टंकियों की सफाई, शुद्ध पेयजल की उपलब्धता और समुचित रख-रखाव सुनिश्चित किया जाएगा। कर्मचारियों की तैनाती भी की जाएगी।




